

Shri Satyadev Pachauri
Ex-MP
Shri Raj Kumar Lohia
Chairman & Managing Director
of Lohia Corp
Shri Ramesh Awasthi
Shri Ajay Kapoor


VSSD COLLEGE ALUMNI ASSOCIATION
Registered under The Societies Registraion Act, 1860
Welcomes
Patron Members
Office-Bearers



# वीएसएसडी कॉलेज के पूर्व छात्रों ने लिया विकास का संकल्प



**पारदर्शी विकास न्यूज़**

**कानपुर।** वीएसएसडी कॉलेज एलुमनाई एसोसिएशन की पहली बैठक आयोजित की गई। 105 वर्ष पुराने इस प्रतिष्ठित कॉलेज से जुड़े करीब 150 पूर्व छात्रों ने बैठक में भाग लिया। इस दौरान कॉलेज के विकास, पूर्व छात्रों को जोड़ने और विद्यार्थियों के मार्गदर्शन के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं पर चर्चा हुई।बैठक में छह संरक्षक और 41 आजीवन सदस्यों का चयन किया गया। एसोसिएशन की ओर से पूर्व छात्रों का डाटाबेस तैयार करने, विद्यार्थियों को मेंटरशिप देने, करियर मार्गदर्शन, इंटर्नशिप और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की योजना बनाई गई। इसके अलावा उद्योग जगत से संपर्क स्थापित कर विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित करने पर भी सहमति बनी।बैठक में पूर्व सांसद सत्यदेव पचौरी को अध्यक्ष और चार्टर्ड अकाउंटेंट सुधींद्र जैन को सचिव बनाया गया। कॉलेज की सचिव और क्षेत्रीय भाजपा उपाध्यक्ष सीए नीतू सिंह, समन्वयक श्याम बाबू गुप्ता तथा प्राचार्य डॉ. नीरू टंडन सहित कई पूर्व छात्र उपस्थित रहे।एसोसिएशन का उद्देश्य कॉलेज के पूर्व छात्रों को एक मंच पर लाकर वर्तमान विद्यार्थियों की सहायता करना और संस्थान के शैक्षिक विकास में योगदान देना है।

# 105 वर्ष बाद पूर्व छात्रों की हुई पहली बैठक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



बैठक में मौजूद पूर्व छात्र। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नवाबगंज स्थित वीएसएसडी कॉलेज की एलुमनाई एसोसिएशन की पहली बैठक में पूर्व छात्रों ने कॉलेज को अपने अनुभव से नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प लिया। शहर के जनप्रतिनिधि भी इस बैठक में शामिल हुए।

6 संरक्षक सदस्य, 41 आजीवन सदस्य तथा वार्षिक सदस्यों को मिलाकर लगभग 150 पूर्व छात्र एसोसिएशन से जुड़ चुके हैं। बैठक में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि देश-प्रदेश तथा विदेशों में विभिन्न क्षेत्रों में दायित्व निभा रहे पूर्व छात्रों को एक मजबूत मंच से जोड़ा जाए, ताकि उनके अनुभव, विशेषज्ञता और संपर्क का लाभ वर्तमान विद्यार्थियों तथा महाविद्यालय के विकास को मिल सके। एलुमनाई एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद सत्यदेव

**• वीएसएसडी कॉलेज के पूर्व छात्रों ने संस्थान को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का लिया संकल्प**

पचौरी ने कहा कि वीएसएसडी कॉलेज केवल एक शिक्षण संस्थान नहीं, बल्कि कानपुर की गौरवशाली शैक्षणिक विरासत का महत्वपूर्ण केंद्र है। एसोसिएशन के सचिव सीए सुधीन्द्र जैन ने कहा कि एलुमनाई एसोसिएशन को सक्रिय एवं परिणामोन्मुख मंच के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके लिए पूर्व छात्रों का डेटाबेस तैयार करने, विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत पूर्व छात्रों को जोड़ने तथा नियमित संवाद एवं कार्यक्रम आयोजित करने की दिशा में कार्य किया जाएगा। कॉलेज की सचिव एवं भाजपा की क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सीए नीतू सिंह ने कहा कि कॉलेज प्रशासन एलुमनाई एसोसिएशन के साथ मिलकर विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ व्यावहारिक एवं व्यावसायिक जीवन की चुनौतियों के लिए तैयार करने का प्रयास करेगा। देश-विदेश में कार्यरत अधिक से अधिक पूर्व छात्रों को एलुमनाई एसोसिएशन से जोड़ा जाएगा। इसके अलावा विद्यार्थियों के लिए मेंटॉरशिप एवं करियर गाइडेंस कार्यक्रम विकसित किए जाएंगे। इंटर्नशिप, रोजगार एवं उद्योग से जुड़ाव के अवसर बढ़ाए जाएंगे। सफल पूर्व छात्रों के विशेषज्ञ व्याख्यान एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बैठक में प्रमुख रूप से एसोसिएशन के संरक्षक सदस्य सीए वीरेंद्र जीत सिंह, राजकुमार लोहिया, विधायक नीलिमा कटियार, अरुण पाठक, मेजर सुनील दत्त द्विवेदी, विजय कपूर, डॉ. दिवाकर मिश्रा सहित अन्य मौजूद रहे।


VSSD COLLEGE ALUMNI ASSOCIATION
ALUMNI ASSOCIATION
MEETING 2026-27
Welcome
Patron Members
VSSD COLLEGE ALUMNI ASSOCIATION
Registered under The Societies Registraion Act, 1860
A Century of Legacy,
A Future of Promise.
Patron Members

# वीएसएसडी कॉलेज के पूर्व छात्रों ने संस्थान के विकास का लिया संकल्प

## एलुमनाई एसोसिएशन की प्रथम बैठक में बनी भविष्य की कार्ययोजना



कानपुर। नवाबगंज स्थित 105 वर्ष पुराने वीएसएसडी कॉलेज की एलुमनाई एसोसिएशन की प्रथम बैठक शनिवार को प्रार्थना कक्ष हॉल में हुई। बैठक में पूर्व छात्रों ने संस्थान की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाने और कॉलेज के विकास में सक्रिय सहयोग करने का संकल्प लिया। वर्तमान में एसोसिएशन से करीब 150 पूर्व छात्र जुड़े हैं, जिनमें छह संरक्षक और 41 आजीवन सदस्य शामिल हैं।

एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद सत्यदेव पचौरी ने कहा कि वीएसएसडी कॉलेज केवल शिक्षण संस्थान नहीं, बल्कि कानपुर की शैक्षणिक विरासत का महत्वपूर्ण केंद्र है। यहां से शिक्षा प्राप्त छात्र आज विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभा रहे हैं। पूर्व छात्रों के अनुभव और विशेषज्ञता का लाभ वर्तमान विद्यार्थियों को दिलाने के प्रयास किए जाएंगे। सचिव सीए सुधीन्द्र जैन ने बताया कि एसोसिएशन को सक्रिय और परिणामोन्मुख मंच बनाया जाएगा। विद्यार्थियों के लिए करियर मार्गदर्शन, मेंटरशिप, इंटर्नशिप, रोजगार के अवसर, विशेषज्ञ व्याख्यान और उद्योगों से जुड़ाव की योजनाएं तैयार की गई हैं। देश-विदेश में कार्यरत अधिक से अधिक पूर्व छात्रों को भी एसोसिएशन से जोड़ा जाएगा।

कॉलेज की सचिव एवं भाजपा की क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सीए नीतू सिंह ने कहा कि पूर्व छात्र संस्थान की सबसे बड़ी पूंजी हैं। उनका अनुभव विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। बैठक में आगामी गतिविधियों की रूपरेखा पर चर्चा हुई। इस दौरान विधायक नीलिमा कटियार, अरुण पाठक, मेजर सुनील दत्त द्विवेदी, विजय कपूर, डॉ. दिवाकर मिश्रा, प्राचार्य डॉ. नीरू टंडन समेत पूर्व छात्र और गणमान्यजन मौजूद रहे।

# वीएसएसडी कॉलेज के पूर्व छात्रों ने संस्थान को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का लिया संकल्प

**कानपुर (नगर छाया समाचार)।** नवाबगंज स्थित 105 वर्ष पुराने वीएसएसडी कॉलेज की शैक्षणिक विरासत को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से गठित एलुमनाई एसोसिएशन की पहली बैठक प्रार्थना कक्ष हॉल में हुई। बैठक में पूर्व छात्रों ने संस्थान के विकास में सक्रिय सहयोग देने और वर्तमान विद्यार्थियों को अपने अनुभव एवं विशेषज्ञता का लाभ पहुंचाने का संकल्प लिया। एसोसिएशन से अब तक छह संरक्षक सदस्य, 41 आजीवन सदस्य और वार्षिक सदस्यों समेत करीब 150 पूर्व छात्र जुड़ चुके हैं। देश-विदेश में विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत अधिक से अधिक पूर्व छात्रों को संगठन से जोड़ने की योजना बनाई गई। बैठक में अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद सत्यदेव पचौरी ने कहा कि वीएसएसडी कॉलेज केवल शिक्षण संस्थान नहीं, बल्कि कानपुर की गौरवशाली शैक्षणिक विरासत का महत्वपूर्ण केंद्र है। यहां से शिक्षा प्राप्त कर चुके विद्यार्थी प्रशासन, शिक्षा, चिकित्सा, उद्योग, व्यवसाय, कानून, राजनीति और विज्ञान समेत विभिन्न क्षेत्रों में योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व छात्रों की सामूहिक शक्ति को संस्थान की प्रगति से जोड़कर वर्तमान विद्यार्थियों के लिए शिक्षा, रोजगार, प्रशिक्षण और करियर के नए अवसर तैयार किए जा सकते हैं। सचिव सीए सुधीन्द्र जैन ने बताया कि एसोसिएशन को सक्रिय और परिणामोन्मुख मंच बनाया जाएगा। इसके लिए पूर्व छात्रों का डेटाबेस तैयार करने के साथ नियमित संवाद और कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विद्यार्थियों के लिए करियर मार्गदर्शन, इंटर्नशिप, रोजगार, विशेषज्ञ व्याख्यान, उद्योगों से जुड़ाव और मेंटरशिप कार्यक्रम शुरू करने की योजना है। कॉलेज की सचिव सीए नीतू सिंह ने कहा कि पूर्व छात्र संस्थान की सबसे बड़ी पूंजी हैं और उनका अनुभव विद्यार्थियों को व्यावहारिक एवं व्यावसायिक जीवन की चुनौतियों के लिए तैयार करने में उपयोगी होगा। बैठक में आगामी गतिविधियों की रूपरेखा तय करने के साथ पूर्व छात्रों के सुझाव और सहयोग को संस्थान के विकास से व्यवस्थित रूप से जोड़ने पर सहमति बनी। कार्यक्रम समन्वयक श्याम बाबू गुप्त, प्राचार्य डॉ. नीरू टंडन सहित एसोसिएशन के संरक्षक सदस्यों और अन्य पूर्व छात्रों ने भी विचार रखे।






# पूर्व छात्रों ने लिया संस्थान के गौरव को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प

**कंपूमेल ब्यूरो/कानपुर।** नवाबगंज स्थित शहर के प्रतिष्ठित एवं 105 वर्ष पुराने वीएसएसडी कॉलेज के गौरवशाली इतिहास और शैक्षणिक विरासत को नई ऊंचाइयों से जोड़ने के उद्देश्य से गठित वीएसएसडी कॉलेज एलुमनाई एसोसिएशन की प्रथम बैठक शनिवार को प्रार्थना कक्ष हॉल में आयोजित हुई। बैठक में पूर्व छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए संस्थान के विकास में सक्रिय सहयोग का संकल्प लिया। एलुमनाई एसोसिएशन को पूर्व छात्रों का व्यापक समर्थन मिल रहा है। वर्तमान में 6 संरक्षक सदस्य,41 आजीवन सदस्य तथा वार्षिक सदस्यों को मिलाकर लगभग 150 पूर्व छात्र एसोसिएशन से जुड़ चुके हैं। आने वाले समय में देश-विदेश में कार्यरत अधिक से अधिक पूर्व छात्रों को इससे जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है।बैठक में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि देश-प्रदेश तथा विदेशों में विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण दायित्व निभा रहे पूर्व छात्रों को एक मजबूत मंच से जोड़ा जाए, ताकि उनके अनुभव, विशेषज्ञता और संपर्क का लाभ वर्तमान विद्यार्थियों तथा महाविद्यालय के विकास को मिल सके।

# पूर्व छात्र महाविद्यालय की सबसे बड़ी पूंजी

## वीएसएसडी कॉलेज में एलुमनाई एसोसिएशन की प्रथम बैठक



**बैठक**

विश्ववार्ता संवाददाता

कानपुर,। शहर के 105 वर्ष पुराने प्रतिष्ठित वीएसएसडी कॉलेज, नवाबगंज के गौरवशाली इतिहास को नई ऊंचाइयों से जोड़ने के लिए गठित एलुमनाई एसोसिएशन की प्रथम बैठक आज प्रार्थना कक्ष हॉल में आयोजित हुई।

बैठक में पूर्व छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए संस्थान के विकास में सक्रिय सहयोग का संकल्प लिया। जानकारी के अनुसार वर्तमान में 6 संरक्षक सदस्य, 41 आजीवन सदस्य और वार्षिक सदस्यों को मिलाकर लगभग 150 पूर्व छात्र एसोसिएशन से जुड़ चुके हैं। आने वाले समय में देश-विदेश में कार्यरत अधिक से अधिक पूर्व छात्रों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है।

बैठक में तय किया गया कि विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण दायित्व निभा रहे पूर्व छात्रों को एक मजबूत मंच पर जोड़ा जाए, ताकि उनके अनुभव, विशेषज्ञता और संपर्क का लाभ वर्तमान विद्यार्थियों और महाविद्यालय के विकास को मिल सके। कॉलेज की सचिव एवं भाजपा की क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सी.ए. नीतू सिंह ने कहा कि महाविद्यालय के पूर्व छात्र इसकी सबसे बड़ी पूंजी हैं। उनका अनुभव और सफलता वर्तमान विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। कॉलेज प्रशासन एलुमनाई के साथ मिलकर विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ व्यावहारिक और व्यावसायिक जीवन की चुनौतियों के लिए तैयार करेगा।

- कॉलेज के पूर्व छात्रों ने लिया संस्थान को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प

कार्यक्रम समन्वयक श्याम बाबू गुप्त ने बताया कि बैठक में आगामी गतिविधियों की रूपरेखा पर चर्चा हुई और महाविद्यालय के विकास में पूर्व छात्रों की सहभागिता के लिए अलग-अलग स्तर पर योजनाएं तैयार की जाएंगी।